लंबित विवेचनाओं के निस्तारण और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने के निर्देश

महराजगंज आज। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



एसपी ने लंबित विवेचनाओं, अनावरण शेष मामलों, वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों तथा वारंटियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने को कहा। अपहृत और गुमशुदा लोगों की बरामदगी के साथ मामलों में समयबद्ध जांच कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस, जनसुनवाई और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।उन्होंने यूपी-112 पीआरवी के रिस्पांस टाइम की समीक्षा करते हुए समय से घटनास्थल पर पहुंचने तथा सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखने को कहा। भारत-नेपाल सीमा पर पशु तस्करी और अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाने तथा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नियमित चेकिंग के निर्देश दिए।एसपी ने आमजन से शालीन व्यवहार करने, मिशन शक्ति केंद्र को सशक्त बनाने और पॉक्सो मामलों में निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई करने को कहा। आगामी त्योहारों के मद्देनजर यातायात एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया। बैठक में एएसपी सिद्धार्थ सहित सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष बने एमडी नरेंद्र पटेल

झुलनीपुर (आज) उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य को देखते हुए रॉयल माउंट स्कूल बहुआर कला के एमडी नरेंद्र पटेल को जनपद महराजगंज का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसी के साथ उन्हें निचलौल तहसील का भी प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश संगठन मंत्री सुशील सिनहा की ओर से जारी मनोनीत पत्र में नरेंद्र पटेल से संगठन को मजबूत करने और जनपद में रिक्त पदों पर योग एवं कर्मठ पदाधिकारी के चयन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा की गई है। उन्हें एक माह के भीतर पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी करने के लिए जिला एवं प्रदेश कार्यकारी के साथ समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष से महराजगंज के मान्यता प्राप्त विद्यालयों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने उनके समाधान के लिए संघर्ष करने और संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने की अपेक्षा की गई है।



तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के टक्कर से बुजुर्ग की मौत

मिठौरा।स्थानीय थाना क्षेत्र के सिंदुरिया महराजगंज रोड पर पतरेगवा गांव के पास बेनीगंज चौराहे पर मंगलवार की रात नौ बजे के लगभग मोटरसाइकिल व साइकिल मे टक्कर से बुजुर्ग के मौत का मामला प्रकाश मे आया है।जानकारी के अनुसार लेदवा निवासी राम अधारे पुती स्व सुखारी जो सिंदुरिया मे पप्पू अग्रहरि के वहा पल्लौदारी करते थे। मंगलवार की रात पल्लौदारी कर अपने घर लेदवा आ रहे थे। अभी वह पतरेगवा गावं के बेनीगंज चौराहे पर पहुंचे ही थे की पीछे से मोटरसाइकिल ने जोर से ठोकर मार दिया जिससे राम अधारे मौके पर गिर गये गंम्भीर रुप से चोटिल हो गये। सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस से जिलाअस्पताल लाये जहाँ डाक्टरो ने मृत्यु घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना पर परिवार जनो मे कोहराम मच गया। पत्नी फूलमती का रो रो बुरा हाल है। मृतक के दो बेटी व एक बेटा है। थानाध्यक्ष अनूप तिवारी के अनुसार शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है और मोटरसाइकिल को कब्जे मे ले लिया गया है। अभी कोई तहरीर नही मिला है। तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जायेगी।



बेसहारा बच्चों की मदद को आगे आएं लोग-महेश कुमार यादव

आनंदनगर पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के मनिक तलाब गांव में स्वर्गीय शिक्षामित्र पंचम यादव और उनकी पत्नी रिंका देवी के निधन के बाद बेसहारा हुए उनके तीन बच्चों के भविष्य को लेकर महेश स्टडी सेंटर के संचालक महेश कुमार यादव ने चिंता जताई है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा, आर्थिक सहायता और भावनात्मक संबल देने के लिए समाज के लोगों से आगे आने की अपील की।महेश कुमार यादव ने कहा कि माता-पिता का साया उठने के बाद बच्चों के सामने जीवन की कठिन चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। ऐसे समय में उनका सहारा बनने की जरूरत है। उन्होंने दुख जताया कि अब तक किसी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि या संबंधित विभागीय कर्मचारी के बच्चों के पास नहीं पहुंचने की जानकारी सामने आई है।उन्होंने कहा कि बेसहारा बच्चों की मदद करना केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। समाज की पहचान जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता से होती है। उन्होंने लोगों से बच्चों की पढ़ाई, पालन-पोषण और उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग करने की अपील की।



वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान को गांव-गांव पहुंचाएगी कांग्रेस

महराजगंज आज। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान को गांव-गांव और गली-गली तक पहुंचाने की तैयारी है। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय पर्यवेक्षक रफीक खान और राज्य पर्यवेक्षक अनूप पांडेय ने अभियान की जानकारी दी।



राजस्थान के विधायक रफीक खान ने कहा कि वोट चोरी रोकने और निर्वाचन आयोग से सुधार की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। इसके तहत पदयात्राएं, मशाल जुलूस और जनजागरूकता गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली में महराजगंज से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे।पूर्व विधायक अनूप पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता देशभर में अभियान चला रहे हैं। जिलाध्यक्ष विजय सिंह ने नेताओं का आभार जताते हुए लोगों से अभियान में भागीदारी की अपील की। प्रेस वार्ता में त्रिभुवन नारायण मिश्रा, झिनकू चौधरी, अवनीश पाल सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

परतावल। भिटौली थाना क्षेत्र के एक गांव से 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने थाने में दी तहरीर में बताया कि दिनांक रविवार को भोर में लगभग तीन बजे उनकी बेटी को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने झांसे में लेकर भगा ले गया है। आरोप है कि लड़की को भगाने में युवक की मां और उसके चाचा व उसके घर वालों का भी सहयोग है। सभी ने साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया है। प्रार्थिनी ने बताया कि युवक को कई बार चेतावनी भी दी गई थी, इसके बावजूद वह उनकी बेटी को भगा ले गया। प्रार्थना पत्र के आधार पर भिटौली पुलिस ने आरोपी युवक व अन्य सहयोगी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

छात्र का कमरे में फंदे से लटका मिला शव

परतावल आज। पनियरा थाना क्षेत्र के सूचितपुर बघौना गांव के टोला भरटोलिया में मंगलवार को 17 वर्षीय छात्र मिथिलेश गुप्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।परिजनों के मुताबिक, मिथिलेश मौलागंज स्थित एक इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र था। मंगलवार को गणित की परीक्षा देकर शाम करीब चार बजे घर लौटा था। उस समय परिवार के सदस्य खेत में काम करने गए थे। घर पहुंचकर खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। देर शाम परिजन लौटे तो उसका शव देखकर चीख-पुकार मच गई।परिजन उसे निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिथिलेश चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसके पिता लक्ष्मण मुंबई की एक स्टील कंपनी में नौकरी करते हैं। मां प्रमिला और दादी शांति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।पनियरा थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत दो अभियुक्त जिला बदर

महराजगंज आज। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने और शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। अक्टूबर माह में 10 वादों का निस्तारण करते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर दो अभियुक्तों को जिला बदर किया गया, जबकि पांच को पाक्षिक हाजिरी के लिए पाबंद किया गया है।पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में की गई कार्रवाई के तहत फरेंदा थाना क्षेत्र के सोनबरसा टोला इलाही निवासी सुक्खू को तीन माह तथा निचलौल थाना क्षेत्र के पिपराकाजी निवासी मोनू अली उर्फ क्यूम अली को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। दोनों को जनपद गोरखपुर में रहने का आदेश दिया गया है।वहीं, कोल्हुई थाना क्षेत्र के कन्हरिया निवासी दिलीप कुमार मौर्य और बैकनिया टोला निवासी अजीत चौहान, सोनौली थाना क्षेत्र के बड़हरा टोला हड़हवा निवासी रामअवतार, कोठीभार थाना क्षेत्र के जहदा निवासी इरशाद तथा कोतवाली थाना क्षेत्र के मुंडेरा कला निवासी अभय चौहान को प्रत्येक 15 दिन में संबंधित थाने में उपस्थित होकर अपनी गतिविधियों एवं आचरण की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है।पुलिस के अनुसार, लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी वैधानिक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

83 वर्षों से कायम है बारिगांव के ऐतिहासिक मेले की परंपरा, रावण दहन मुख्य आकर्षण

खुशहालनगर (आज) घुघली थाना क्षेत्र के बारिगांव स्थित रामलीला मैदान में लगने वाले ऐतिहासिक मेले की परंपरा 83 वर्षों से चली आ रही है। वर्ष 1943 में स्वर्गीय पंडित भवानी कृष्ण त्रिपाठी ने इस मेले की शुरुआत कराई थी। तब से आज तक यहां रावण दहन की परंपरा निभाई जा रही है। मेले में रावण दहन मुख्य आकर्षण रहता है, जबकि इससे पहले आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजन की रौनक बढ़ाती हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। आठ दशक से अधिक समय से चला आ रहा यह आयोजन बारिगांव की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। स्वर्गीय पंडित भवानी कृष्ण त्रिपाठी द्वारा शुरू की गई यह परंपरा आज भी पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ रही है और क्षेत्र के लोगों को अपनी ऐतिहासिक विरासत से जोड़े हुए है।



♦ 1943 में स्वर्गीय पंडित भवानी कृष्ण त्रिपाठी ने कराई थी शुरुआत, रावण दहन से पहले होती हैं खेलकूद प्रतियोगिताएं

फर्जी चेक दिखाकर किसान से एक लाख रुपये की जालसाजी

निचलौल आज।निचलौल बसस्टैंड के पास 14 अक्टुबर को एक किसान से एक जालसाज द्वारा ढाई लाख के आवास का फर्जी चेक दिखाकर एक लाख रुपये के जालसाजी करने का मामला सामने आया है।किसान द्वारा तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम पतौना निवासी दसरथ सिंह पुत्र मंगल सिंह ने बताया कि 14 अक्टुबर को निचलौल स्वच्छ बैंक से एक लाख रुपये की निकासी की निचलौल कटरा चौराहे के निकट एक व्यक्ति आया और उनसे आवास का ढाई लाख रुपये चेक दिखाया और आधारकार्ड की मांग करते हुए पैसे को खाते में जमा कराकर खाते को चालू करने की बात बताई,उसके बातो में इतना विश्वास था की किसान झांसे में आ गया,और खाता चालू करने हेतु एक लाख रुपया देकर जालसाज का इंतजार करने लगा।घंटो बीत जाने पर किसान की हालत खराब होने लगी ,घटना की सूचना पाकर मौके पर आए परिजनों ने किसान अस्पताल में भर्ती कराया ,काफी इलाज के बाद भी किसान की मानसिक स्थिति अभी अच्छी नहीं बताई जाती बताई जा रही है। घटना के बाद किसान सदमे में है। उसने तहरीर देकर जलसाज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार राय ने बताया कि किसान का तहरीर मिला है,अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

जनगणना-2027 के सुपरवाइजर, प्रगणकों का प्रशिक्षण शुरू

सिसवा बाजार । स्थानीय नगर पालिका कार्यालय स्थित सभागार में जनगणना -2027 के लिए सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के द्वितीय बैच एवं बीआरसी सभागार में चौथे बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। बुधवार को नपा सभागार में शुरू इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रंजीत कुमार एवं रूपनारायण प्रसाद ने डिजिटल टिवी एव मोबाइल एप के माध्यम से डेटा प्रविष्टि की जानकारी दी। आज नपा सभागार में द्वितीय बैच और खंड शिक्षा कार्यालय में चौथे बैच का पहले दिन प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इस दौरान लिपिक कपिलदेव भारती, कम्प्यूटर आपरेटर राजन कुमार, श्रीमती कुसुम यादव, अनुपम दीक्षित, रामभवन, महावीर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, अनीता शर्मा, अर्चना, प्रियंका शाही, दिग्विजय कुशवाहा, विवेक जायसवाल, दुर्गेश यादव सहित अन्य सुपरवाइजर एवं प्रगणक मौजूद रहे।

दशमोत्तर छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि 13 नवंबर

महराजगंज आज। शैक्षिक सत्र 2026-27 में दशमोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ दिलाने के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव ने बताया कि निर्धारित समयसीमा में सभी प्रक्रियाएं पूरी करनी होंगी।संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, शिक्षण संस्थानों को नौ नवंबर तक मास्टर डाटा तैयार करना होगा। विश्वविद्यालयों द्वारा शुल्क एवं पाठ्यक्रम का सत्यापन सात नवंबर तक और अल्पसंख्यक वर्ग के संस्थानों की मार्किंग 10 नवंबर तक की जाएगी।नवीन छात्रों के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 13 नवंबर निर्धारित की गई है। वहीं, संस्थानों को बायोमेट्रिक सत्यापन एवं डाटा प्रमाणित करने की प्रक्रिया 15 नवंबर तक पूरी करनी होगी। अधिकारी ने विद्यार्थियों और संबंधित संस्थानों से समयसीमा का पालन करते हुए आवश्यक कार्यवाही पूरी करने की अपील की है।

मानचित्र अध्ययन के साथ सीखा ईमानदारी ,सत्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों का ज्ञान

सिसवा बाजार(आज)।परमहंस पाल पीजी कॉलेज, गुरली, सवया में 102 यू.पी. बटालियन एनसीसी, गोरखपुर के तत्वावधान में आयोजित सी.ए.टी.सी.-175 संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिन कैडेट्स ने अनुशासन, एकाग्रता और सामूहिक तालमेल का प्रदर्शन किया। बुधवार के प्रशिक्षण सत्र में कैडेट्सों को सशस्त्र बलों के संगठन, सैन्य रैंक, बैज और जिम्मेदारियों की जानकारी के सहित मैप रीडिंग के सत्र में मानचित्र को समझने, दिशा पहचानने, स्थानों का निर्धारण करने और निर्धारित मार्ग के अनुसार आगे बढ़ने की जानकारी दी गई। सायंकाल एनसीसी गीत प्रतियोगता का आयोजन किया गया जिसमें चारों कम्पनी ने प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने कैडेट्स में टीम भावना एवं सहयोग को बढ़ावा दिया। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में ए .एन.ओ लेफ्टिनेंट हेमंत यादव, लेफ्टिनेंट सर्वजीत सिंह, लेफ्टिनेंट शत्रुघ्न, लेफ्टिनेंट अभिषेक साहनी तथा सेकंड ऑफिसर वैभव दुबे,सेकंड ऑफिसर आशीष सिंह , विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देकर कैडेट्स का मार्गदर्शन किया ।

पीएम केयर्स योजना के तहत दिव्याल को मिला 10 लाख रुपये का चेक

महराजगंज आज। कोविड-19 महामारी के दौरान माता-पिता को खोने वाले बच्चों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत बुधवार को लाभार्थी दिव्याल सिंह को 10 लाख रुपये का चेक दिया गया। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने यह चेक सौंपा। यह धनराशि दिव्याल के 23 वर्ष की आयु पूरी करने पर डाकघर में सुरक्षित रखी गई थी। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर सुबह 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में जंगल फरजंद अली, पोस्ट महुअवां निवासी स्वर्गीय रामेश्वर सिंह के पुत्र दिव्याल सिंह को योजना का लाभ मिला।इस अवसर पर विधायक ने दिव्याल का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में हिम्मत और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने वाले लोग सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि दिव्याल अपने दिवंगत माता-पिता के सपनों को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय सहित विभागीय कर्मचारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



वैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

श्यामदेउरवा। (आज) अवैध शराब के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत श्यामदेउरवा पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में 26 टेट्रा पैक बंटी बबली देशी शराब बरामद कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई में पुलिस ने सुनील वर्मा को गिरफ्तार किया। वह मूल रूप से जेपी पार्क विजयनगर, कानपुर का निवासी है और वर्तमान में स्थानीय थाना क्षेत्र के महुअवा महुई में रह रहा था। उसके पास से 12 टेट्रा पैक अवैध शराब मिली। दूसरी कार्रवाई में पिंटू प्रसाद निवासी धनहा नायक को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 14 टेट्रा पैक बरामद हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी थानाध्यक्ष शम्भूनाथ सिंह ने बताया कि अभियान जारी रहेगा।

इटहिया शिव मंदिर में श्रृंगार की दुकान में लगी आग

झुलनीपुर निचलौल (आज) इटहिया शिव मंदिर धाम परिसर में मंगलवार शाम श्रृंगार की दुकान में आग लगने से अंदर रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। दुकान से धुआं उठता देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने शटर का ताला तोड़कर आग बुझाने की कोशिश की।कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकानदार को भारी नुकसान हो चुका था। गनीमत रही कि आग आसपास की दुकानों तक नहीं पहुंची। जानकारी के अनुसार देवरिया जिले के पिपरिया गांव निवासी विनोद कुशवाहा इटहिया शिव मंदिर धाम परिसर में विश्वनाथ कुशवाहा के मकान में किराये पर दुकान लेकर पिछले पांच वर्षों से श्रृंगार का सामान बेचते हैं। मंगलवार शाम करीब पांच बजे वह दुकान बंद कर दवा कराने चले गए थे। करीब सात बजे दुकान से धुआं निकलता देख आसपास के दुकानदारों और लोगों ने शोर मचाया। इसके बाद तत्काल शटर का ताला तोड़कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। सूचना पर दुकानदार भी मौके पर पहुंच गया। दमकल की टीम भी पहुंची, लेकिन तब तक स्थानीय लोग आग बुझा चुके थे। ग्राम प्रधान राजेंद्र यादव ने बताया कि आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई थी। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। दुकान में रखा सारा सामान जल गया, लेकिन लोगों की तत्परता से आग आसपास की दुकानों तक नहीं पहुंची। तहसीलदार अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल अजय कसौधन को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

♦ दवा कराने गया था दुकानदार, दो घंटे बाद दुकान से उठने लगा धुआं; लोगों ने तोड़ा शटर का ताला

अधूरा नाला बना मुसीबत, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

परतावल आज। महराजगंज-परतावल-गोरखपुर मार्ग पर पिपरिया गांव के पास अधूरा नाला स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। नाले का निर्माण पूरा नहीं होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे घरों और दुकानों के सामने जलभराव की स्थिति बनी हुई है। दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।हालात ऐसे हैं कि दुकानदारों और राहगीरों को आवागमन के लिए खुद ही इंतजाम करना पड़ रहा है। लोग मिट्टी डालकर और ईंटें बिछाकर अस्थायी रास्ता बना रहे हैं। सड़क पर गंदा पानी जमा होने से दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है, वहीं राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। इस संबंध में एनएच-730 बीबी के केयरटेकर अमित चौधरी ने बताया कि फिलहाल तत्काल नाली निर्माण कराना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मौके का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद समस्या के समाधान की व्यवस्था की जाएगी।



मिठाई के दुकानों की जांच, खोया और छेना के चार नमूने लिए गये

महराजगंज आज। दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए विशेष अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने फरेंदा और नौतनवा में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर खोया एवं छेना मिठाई के नमूने संग्रहित किए।आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ के आदेश तथा जिलाधिकारी महराजगंज और प्रभारी सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय केके उपाध्याय के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया।अभियान के तहत महराजगंज रोड फरेंदा स्थित तारा मिष्ठान भंडार और नौतनवा मेन मार्केट स्थित कस्तूरी स्वीट हाउस का निरीक्षण किया गया। टीम ने दोनों दुकानों से खोया एवं छेना मिठाई के नमूने लिए और दुकानदारों को आवश्यक निर्देश दिए।खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, बुधवार को कुल चार नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज प्रसाद और पवन कुमार गोंड शामिल रहे। विभाग का उद्देश्य त्योहार के दौरान लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है।